>

Title: Regarding Rail Coach Factory at Nangal, Punjab.

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से संसद का ध्यान पंजाब के नांगल स्थित बी.बी.एम.बी. वर्कशॉप के तरस योग्य हालात की तरफ लेकर जाना चाहता हूं। महोदय, आप सब जानते हैं कि जब भाखड़ा नंगल डैम बन रहा था तो बहुत बड़ी वर्कशॉप की जरूरत महसूस की गयी। उस समय रोपड़ के नांगल शहर में, जो कि एशिया की सबसे बड़ी मेंटनेंस वर्कशॉप थी, यह बनाई गयी। यह वर्कशॉप रेलवे ट्रैक के साथ जोड़ी गयी क्योंकि बहुत सामान लेकर आना और बाहर लेकर जाने की जरूरत थी। इस वर्कशॉप में किसी समय 5000 लोग काम करते थे। इस वर्कशॉप में किसी समय सूई से लेकर ज़हाज़ तक बनाने की सामर्थ्य थी। भाखड़ा डैम के अलावा देश में जो बहुत बड़े प्रोजेक्ट हैं, चाहे हम तिलवाड़ा, थीम, किन्नौर डैम की बात करें, इसमें बहुत बड़ा योगदान इस वर्कशॉप ने दिया है। चंडीगढ़ जो हमारे देश का सबसे सुन्दर शहर है, उसके जो हाथ का लोगो है, वह भी यहां से बनकर तैयार हुआ। लेकिन जैसा कि आप जानते हैं कि पंजाब एक बॉर्डर स्टेट है, यहां रोज़गार की भारी कमी है। आज 70 प्रतिशत नौजवान हमारे नशे के आदी हो रहे हैं। इसलिए महोदय मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि यह जो बी.बी.एम.बी. की वर्कशॉप है, इसमें आज सिर्फ 200 लोग काम कर रहे हैं। मेरी आपसे विनती है कि यह जो करोड़ों रूपए की सरकार की संपत्ति है, इस वर्कशॉप को बदल कर या तो रेल कोच फैक्ट्री में तब्दील किया जाए, या कोई डिफेंस फैक्ट्री लगायी जाए जिसके कारण हमारे 10000 नौजवान सीधे तौर पर इससे जुड़ सकें और हमारे क्षेत्र का भला हो सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Shri Ram Kishunji, your notice levels allegations. कृपया, व्यक्ति विशेष का नाम न लें।